दिन– शुक्रवार दिनांक– 08 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में माता सीता के भव्य मंदिर के निर्माण कार्य का उद्घाटन करेंगे।

02. राजगीर में आज से एशिया रग्बी अंडर–20 सेवेन्स चैंपियनशिप की होगी शुरूआत। बिहार के छह खिलाड़ी महिला और पुरूष भारतीय टीमों में शामिल।

03. विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से पटना, सारण, खगड़िया, भोजपुर और भागलपुर समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं। प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य हुए तेज।

04. और, मौसम विभाग ने आज पूर्णियां, कटिहार, अररिया और किशनगंज जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सीतामढ़ी जिले के पुनौरा धाम में देवी सीता को समर्पित भव्य मंदिर के निर्माण कार्य का उद्घाटन करेंगे। मंदिर का शिलान्यास और भूमि पूजन वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होगा। मंदिर और उसके आसपास के परिसर निर्माण पर आठ सौ तिरासी करोड़ रुपये की राशि खर्च होने का अनुमान है। आज के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अयोध्या, काशी, जनकपुर और दक्षिण भारत सहित देश भर से साधु–संत पहुँचे हैं। इस अवसर पर सीतामढ़ी, जनकपुर और पूरे मिथिलांचल क्षेत्र में उत्साह और उत्सव का माहौल है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

———रिपोर्ट———

———————————————————————

इधर, मिथिलांचल क्षेत्र के सीतामढ़ी जिले के लोगों ने पुनौरा धाम में जानकी मन्दिर के शिलान्यास समारोह पर अपनी खुशी जाहिर की।

——— वॉक्स पॉप———

गौरतलब है कि जानकी मंदिर के प्रबंधन के लिए श्री जानकी जन्मभूमि पुनौरा धाम मंदिर न्यास समिति नामक एक ट्रस्ट का गठन किया गया है।

———————————————————————

केंद्रीय गृहमंत्री आज वीडियो कांफ्रेंसिंग से सीतामढ़ी–नई दिल्ली अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। यह नई दिल्ली और सीतामढ़ी के बीच सीधी रेल संपर्क सेवा प्रदान करेगा। पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि यह ट्रेन रक्सौल, नरकटियागंज और गाजियाबाद के रास्ते नई दिल्ली पहुंचेगी। ट्रेन सीतामढ़ी से आज दोपहर ढाई बजे रवाना होगी और कल दोपहर दो बजे नई दिल्ली पहुंचेगी।

————————————————————————

दिल्ली की राउज एवेन्यू अदालत ने आईआरसीटीसी घोटाला मामले में आरोप पत्र पर सुनवाई टाल दी है। मामले की अगली सुनवाई तेरह अगस्त को होगी। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि यह फैसला केस डायरियों के आंशिक निरीक्षण के लिए लिया गया है।

————————————————————————

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद– एनसीईआरटी ने उर्दू की कक्षा सात और आठ तथा अंग्रेजी की कक्षा आठ के लिए आगामी शैक्षणिक वर्ष के पाठ्यक्रम में फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ, ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान और मेजर सोमनाथ शर्मा के जीवन और बलिदान पर आधारित अध्याय को शामिल किया है। रक्षा मंत्रालय ने एक वक्तव्य में कहा कि नए अध्याय का उद्देश्य साहस और कर्तव्य की प्रेरक गाथाओं से विद्यार्थियों को अवगत कराना है।

————————————————————————

नालंदा जिले के राजगीर में आज से एशिया रग्बी अंडर–20 सेवेन्स चैंपियनशिप दो हजार पच्चीस का आयोजन होने जा रहा है। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता का उद्‌घाटन खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार करेंगे। प्रतियोगिता में एशिया की सर्वश्रेष्ठ आठ–आठ पुरुष और महिला टीमें खिताब के लिए मैदान में उतरेंगी। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट———

एशिया रग्बी अंडर.20 चैम्पियनशिप में चीन, हांगकांग, यूएई, उज्बेकिस्तान, नेपाल और श्रीलंका समेत नौ देशों के 192 खिलाडी भाग ले रहे हैं। 10 अगस्त तक चलने वाली इस चैम्पियनशिप में कुल 40 मुकाबले खेले जाएंगे। खास बात यह है कि प्रतियोगिता में भारतीय महिला टीम में बिहार की चार खिलाडियों को शामिल किया गया है। वहीं पुरूष टीम में गोल्डन कुमार और सागर प्रकाश को जगह मिली है। भारतीय रग्बी खेल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि दोनो वर्गों में भारतीय टीम की तैयारी अच्छी है।

—बाइट—

इस बीच, प्रतियोगिता को लेकर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। घर बैठे प्रतियोगिता का लाइव आनंद उठाने के लिये खेल प्रेमी इसे बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के यूट्यूब चैनल पर आज सुबह दस बजे से देख सकते हैं। समाचार कक्ष से राहुल कुमार।

————————————————————————

भाई—बहनों के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षा बंधन का त्योहार प्रदेशभर में कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर बिहार राज्य पथ परिवहन निगम की सिटी सर्विस बसों में महिलाएं और छात्राएं निःशुल्क यात्रा कर सकेंगी। इसमें पिंक बस भी शामिल हैं। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम के प्रशासक अतुल कुमार वर्मा ने बताया कि सुबह छह बजे से देर रात तक निःशुल्क यात्रा की सुविधा सभी मार्गों की सिटी बसों पर दी जाएगी।

————————————————————————

मानूसन की सक्रियता के कारण प्रदेश के अधिकतर भागों में बारिश की परिस्थितियां बनी हुई है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर और दक्षिण—पश्चिम भाग के कुछ जिलो में मेघगर्जन के साथ भारी बारिश की संभावना है। वहीं राज्य के उत्तरी और दक्षिणी भागों में मेघगर्जन के साथ तेज हवा तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चल सकती है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के पूर्वानुमान के अनुसार आज पूर्णियां, कटिहार, अररिया, किशनगंज जिलों में अति भारी बारिश की संभावना है।

———बाइट———

————————————————————————

पड़ोसी राज्यों के साथ ही राज्य के विभिन्न भागों में बारिश के कारण गंगा, सोन, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती समेत सभी नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा नदी बक्सर, पटना, मुंगेर और भागलपुर में विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

————————————————————————

इधर, नदियों में जलस्तर बढ़ने के कारण पटना, सारण, खगड़िया, भोजपुर और भागलपुर समेत कई जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गयी है। दियारा और निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैलने के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उधर,

आपदा प्रबंधन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य युद्ध स्तर पर चलाए जा रहे हैं। बाढ प्रभावित इलाकों में गोताखोरों की तैनाती के साथ नावों का परिचलान शुरू कर दिया गया है। पटना जिले के आठ प्रखंडों की लगभग एक लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। गंगा, सोन, पुनपुन और गंडक नदी में उफान के चलते दानापुर, पटना सदर, बिंदटोली, दीघा, मनेर, बख्तियारपुर, अथमलगोला, बाढ़ और मोकामा की कई पंचायतों के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इसके अलावा दनियांवा, पटना सिटी और फतुहा के निचले इलाकों में भी बाढ़ का पानी फैलने लगा है। जिलाधिकारी त्याग राजन एस.एम. ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में पीड़ितों के बीच राशन का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक रसोई केंद्र भी चलाए जा रहे हैं।

———————————————————————————

खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले के चार प्रखंडों की कई पंचायतों में बाढ़ का पानी फैल गया है। सड़कों पर पानी फैलने के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है।

———रिपोर्ट———

खगड़िया जिले में गंगा, कोसी, बूढ़ी गंडक समेत अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि के कारण परबत्ता, गोगरी, बेलदौर समेत सदर प्रखंड की तीन पंचायतों और खगड़िया नगर निकाय क्षेत्र के वार्ड नम्बर–तीस तक पानी फैल गया है। इससे बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गयी है। कई संपर्क पथों पर पानी आ जाने से आवागमन बाधित हो गया है। स्कूलों में पानी आ जाने की वजह से प्रभावित चार प्रखंडों के बत्तीस विद्यालयों में चौदह अगस्त तक पठन पाठन स्थगित कर दिया गया है। जिला प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में 51 नावों का परिचालन किया जा रहा है। डीएम नवीन कुमार ने गोगरी के एसडीओ को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत सामग्री मुहैया कराने का निर्देश दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

———————————————————————————

सारण जिले में भी बाढ़ को लेकर प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी किया है। जिला प्रशासन ने लोगों से ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

———रिपोर्ट———

सारण जिले में गंडक नदी के उफान से छपरा, सारण और सोनपुर के अधिकांश निचले इलाकों में पानी फैल चुका है। विश्वविख्यात बाबा हरिहरनाथ मंदिर भी जलमग्न हो गया है। गंडक नदी अब खतरे के निशान को पार करने के करीब पहुंच गई है। कई रिहायशी इलाकों, सड़कों और खेतों में पानी भरने से आम जनजीवन प्रभावित हुआ है। जिला प्रशासन ने हाई अलर्ट जारी करते हुए स्थानीय निवासियों से सतर्क रहने और ज़रूरत पड़ने पर ऊँचे स्थानों पर जाने की अपील की है। इस बीच, जिलाधिकारी ने राहत और बचाव कार्यो में तेजी लाने का निर्देश दिया है। साथ ही जलमग्न क्षेत्र में छब्बीस नावों का परिचालन शुरू कर दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए छपरा से पवन कुमार सिंह।

———————————————————————————

इधर, कटिहार जिले में गंगा और कोसी नदी में आए उफान से कुरसेला प्रखंड में बाढ़ की स्थिति गंभीर होती जा रही है। इससे इन इलाकों में रहने वाले लोगों की समस्याए बढ़ गई हैं। मुंगेर जिले में भी गंगा के जलस्तर में वृद्धि के कारण निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ गया है। तटवर्ती इलाकों मे बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है। वहीं, भागलपुर जिले में गंगा के बढ़ते जलस्तर से कई प्रखंडों के दर्जनभर से अधिक पंचायतों में बाढ़ का संकट गहरा गया है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग–अस्सी से सटे कई गांवों में बाढ़ का पानी तेजी से फैल रहा है। इस बीच, कोसी बराज से पानी छोड़े जाने के कारण सहरसा जिले के निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। इससे दियारा और तटवर्ती क्षेत्रों के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सलखुआ प्रखंड के तटबंध के भीतर चानन, अलानी, साम्हरखुर्द पंचायत के निचले इलाको में बाढ़ का पानी फैलने लगा है।

————————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर लिखा है – शिक्षक तीन जिलों का विकल्प देंगे, ऐच्छिक तबादला होगा।

**दैनिक जागरण** ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हवाले से लिखा है – किसानों के लिए बड़ी कीमत चुकाने को तैयार।

**दैनिक भास्कर** ने मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा के निर्देश को तरजीह देते हुए लिखा है – संवेदनशील बूथों के लिए अलग रणनीति बनाएं।

————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज सीतामढ़ी के पुनौरा धाम में माता सीता के भव्य मंदिर के निर्माण कार्य का उद्घाटन करेंगे।

02. राजगीर में आज से एशिया रग्बी अंडर–20 सेवेन्स चैंपियनशिप की होगी शुरूआत। बिहार के छह खिलाड़ी महिला और पुरूष भारतीय टीमों में शामिल।

03. विभिन्न नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी से पटना, सारण, खगड़िया, भोजपुर और भागलपुर समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं। प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य हुए तेज।

04. और, मौसम विभाग ने आज पूर्णियां, कटिहार, अररिया और किशनगंज जिलों में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।